परेशानी ▶ पुलिस, प्रशासन और एनडीआरएफ ने की लोगों की मदद, गर्भवती महिला को पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र

# भारी बारिश से दर्जनों ग्रामों में मचा हाहाकार





**नवभारत, तेंदूखेड़ा 29 जुलाई।** लगातार दो दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते कई ग्रामों में भारी नुकसान होने से लोगों में हाहाकार मच गया. कई ग्रामों का संपर्क सड़क मार्ग से कट गया, जिसमें तेंदूखेड़ा-तारादेही और तेंदूखेड़ा-झलौन मार्ग प्रमुख है. बम्होरी ग्राम से गर्भवती महिला को पुलिस और प्रशासन ने रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया.

जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बम्होरी, जो तेंदूखेड़ा से तीस किलोमीटर दूर तारादेही थाना अंतर्गत आता है. एक महिला को प्रसव पीड़ा हो रही थी और ग्राम के बीच रास्ते में एक नाला पड़ता है, जो बहुत ही तेज गति से बह रहा था, जिससे महिला को परिजन स्वस्थ केंद्र नहीं ले जा पा रहे थे. ग्राम के लोगों ने सीईओ मनीष बागरी को सूचना दी. जिस पर प्रशासन के अधिकारी जिनमें एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास, सीईओ मनीष बागरी, एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर ने वहां पहुंचकर एनडीआरएफ हर्ष कुमार जैन, प्लाटून कमांडर प्राची दुबे, योगेंद्र विश्वकर्मा के साथ टीम और ग्राम के लोगों की मदद से रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया.

### तारादेही पुल पर पानी आने से शव स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया

इसी दौरान तारादेही का एक व्यक्ति, जिसकी इलाज के दौरान जबलपुर में मौत हो गई थी. उसका शव तारादेही ले जाना था, पर तारादेही पुल पर ज्यादा पानी होने से तेंदूखेड़ा तारादेही मार्ग बंद होने के चलते मृतक धनीराम पिता मल्लू वैन का शव स्वास्थ्य केंद्र के फ्रीजर में रखवाया. कई ग्रामों के ग्रामीणों के घर में पानी भरने से घर की खाने पीने सहित अन्य सामग्री नष्ट हो गई. जिनमें सरसबगली, झापन, खुमतरा, चोर खमरिया,बिल्तरा, बम्होरी, जीतगढ़, वरबटा सहित अन्य ग्राम शामिल है. प्रशासन द्वारा मदद पहुंचाई.साथ ही कई ग्रामों में प्रशासन मदद पहुंचाने का प्रयास कर रहा है. जिन ग्रामीणों के घरों में ज्यादा पानी भरा हुआ है, उनकी ग्राम के स्कूल और आंगनबाड़ी में रुकने की व्यवस्था प्रशासन कर रहा है.

### एसडीएम ने बनाई सर्वे टीम

अत्याधिक वर्षा से लोगों को हुए नुकसान की जानकारी लेने और सर्वे करने के लिए एसडीएम सौरभ गंधर्व ने तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों की टीम बनाई है.जो एक-दो दिनों में ग्रामीणों को हुए नुकसान का आकलन कर लोगों को सहायता राशि देने का कार्य करेगी.

### बनवार-व्यारमा नदी उफान पर

बनवार-व्यारमा नदी उफान पर लगातार बढ़ रहा पानी का स्तर. जबेरा तहसीलदार सोनम पांडे,नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, चौकी प्रभारी मनीष यादव नदी किनारे बसे गांवो का ले रहे जायजा,ग्राम घाट बम्होरी,गड़िया व चंदपुरा में अधिकारियो ने ग्रामीण जनों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी और अलर्ट रहने के लिए कहा,साथ ही कोई भी दिक्कत होने पर तत्काल सूचना देने की बात कही, वहीं एसडीएम आरएल बागड़ी भी झापन पहुंचे, जहां उन्होंने व्यारमा नदी का जायजा लिया और लोगों से कहा कि नदी समीप नहीं जाए.

### 179 लोगों को किया रेस्क्यू

होमगार्ड जिला कमांडेंट हर्ष कुमार जैन ने बताया कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अलावा ग्राम लकलका, तहसील दमोह में 2 लोगों के नदी के बीच फंसे होने की सूचना पर रेस्क्यू टीम ने पहुंचकर दोनों लोगो को सुरक्षित निकाला. ग्राम कंधई संगोरिया,चौकी इमलिया, थाना तेजगढ़ के व्यारमा नदी के जल से घिर जाने के कारण लोगो को बोट के माध्यम से बाहर निकालना शुरू किया गया. 55 महिलाओं, 53 बच्चों व 71 पुरुष सहित कुल 179 लोगो को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचकर रेस्क्यू समाप्त किया गया.



## प्राइमरी स्कूल के भवन की हालत जर्जर

▶ राशि स्वीकृत होने के बावजूद नहीं किया जा रहा सुधार कार्य

**नवभारत,पटेरा 29 जुलाई।** विकासखंड पटेरा की ग्राम पंचायत हरपालपुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेला में स्थित प्राइमरी स्कूल की स्थिति दिनोंदिन बदतर होती जा रही है. स्कूल भवन इस समय बेहद जर्जर हालत में है और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है. ग्रामीणों और अभिभावकों में इसको लेकर गंभीर नाराजगी है. ग्रामीणों का आरोप है कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा इस स्कूल की मरम्मत के लिए दो लाख चालीस हजार रुपये की राशि पहले ही ग्राम पंचायत हरपालपुरा को स्वीकृत की जा चुकी है. इसके बावजूद सरपंच दिनेश कुमार डिम्हा द्वारा अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है. पंचायत सचिव जयसिंह राजपूत ने नाराजगी जताते हुए ग्राम सरपंच पर आरोप लगाया कि उन्होंने 4-5 महीने पहले ही सरपंच को स्कूल की मरम्मत कराने के लिए कहा था, लेकिन सरपंच द्वारा कोई रुचि नहीं ली गई. इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जिले के 200 से अधिक स्कूलों के लिए राशि स्वीकृत कर दी गई है और अब यह कार्य जनपद पंचायत सीईओ की जिम्मेदारी है. जनपद पंचायत पटेरा के सीईओ हलधर मिश्रा से बात की, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि मैं स्कूल की जर्जर स्थिति को दिखवाकर कार्रवाई करूंगा.

**सरपंच करते रहे टालमटोल-** जब सरपंच दिनेश डिम्हा से इस विषय में बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कहा, आवाज नहीं आ रही है और फोन काट दिया. ग्रामीणों का कहना है कि यदि बच्चों के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधि मिलकर बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं. ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच और जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है.

## एक नजर में

### तीसरा मगरमच्छ का भी किया गया रेस्क्यू

**नवभारत,दमोह 29 जुलाई।** लगातार वन विभाग को सफलता मिलती जा रही है, मंगलवार अल सुबह फिर व्यारमा नदी के किनारे



पिंजरे में मांस रखकर पुनः मगरमच्छ को पिंजरे में फसाया गया. वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे,एसडीओ एमडी मानिकपुरी और वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी के नेतृत्व में वन विभाग टीम द्वारा तीसरे मगरमच्छ को पकड़ने में सफलता हासिल की है. बता दें कि हटरी, कनिया घाट पटी के घाटों के किनारे मगरमच्छ लोगों को शिकार ना करें इसलिए मगरमच्छ पिंजरों में मांस रखकर कैद किया जा रहे हैं. पूर्व में मासूम और एक महिला की मगरमच्छ के शिकार से मौत हो गई थी, जिसके बाद वन विभाग ने व्यारमा नदी के किनारे अलग-अलग जगह पिंजरे में मांस रखकर एक-एक कर तीसरे मगरमच्छ का रेस्क्यू किया.

### हरियाली तीज, महिलाओं ने किया पौधरोपण

**नवभारत,पथरिया 29 जुलाई।** जैन महिला मिलन पथरिया क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम विरागोदय तीर्थ धर्मधाम में सभी महिलाओं ने पौधरोपण किया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता की हरियाली तीज पर सभी महिलाओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ व आचार्य श्री108 विशुद्ध सागर जी महाराज के दर्शन व आचार्य भक्ति देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ अध्यक्ष श्रीमति चंदा जैन नावल्टी, कोषाध्यक्ष मयूरी सतभैया,मंत्री अर्चना मील प्रचारमंत्री प्रियंका सिघई आदि महिलाए शामिल हुई।



### कलचुरी महिलाओं का हरियाली तीज कार्यक्रम

**नवभारत,दमोह 29 जुलाई।** कलचुरी महिलाओं द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम बृजवासी होटल में नगर पालिका अध्यक्ष मंजू राय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजक नीता राय पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं प्रेषित की। विभिन्न खेलों के माध्यम से तुलसी, आंवला, बरगद, पीपल आदि वृक्षों के महत्व को समझाया. मंजू राय व गायत्री राय द्वारा सुहाग का सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में सीमा, शीला रानी रश्मि, कृतिका, मयूरी, अंशु, सोनी, रुक्मणी, आराधना इमलाई, रीता, प्रभा, सपना, निधि, संगीता, आराधना राय दमोह आदि की उपस्थिति रही.

## 5 शिकायतों का तुरंत किया निराकरण

**नवभारत,जबेरा 29 जुलाई।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व पुलिस अधीक्षक सोमवंशी के निर्देशन में मंगलवार के दिन थाना जबेरा में जनसुनवाई का आयोजन किया गया.

जनसुनवाई में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, राजस्व विभाग से पटवारी तरुण चौरसिया मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों का समस्या आसान उनका निराकरण किया.थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि आज जनसुनवाई में 5 शिकायत प्राप्त हुई थी, जिनका तुरंत निराकरण किया गया. जिनमें एक शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई दो शिकायतों पर एनसीआर दर्ज की



गई.वहीं राजस्व विभाग से किसी भी प्रकार की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं.अब से प्रत्येक मंगलवार को थाना प्रांगण जबेरा में जनसुनवाई का आयोजन 11 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया जाएगा. यदि शिकायतें आती है तो उनका तुरंत ही निराकरण किया जाएगा.

## नाग को मृत्यु का प्रतीक माना जाता है : पाठक

▶ लघुरुद्रात्मक रुद्राभिषेक व पौधरोपण का विशेष आयोजन

**नवभारत,दमोह 29 जुलाई।** तीर्थ क्षेत्र श्री देव जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में 11 दिवसीय लघुरुद्रात्मक रुद्राभिषेक व वृक्षारोपण का विशेष आयोजन चल रहा है. संपूर्ण आयोजन मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पं. रामकृपाल पाठक के मार्गदर्शन में चल रहा है.

मंदिर ट्रस्ट के आचार्य पं. रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि नाग पंचमी के अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित नाग मंदिर में नागराज का विशेष अभिषेक पूजन के साथ आरती कराई गई. साथ ही प्रतिदिन



अनुसार मंदिर परिसर में स्थित यज्ञ मंडप में 11 विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा श्री देव जागेश्वर नाथ का रुद्राभिषेक कराया गया. इसमें यजमान रामबाबू तिवारी, पीयूष तिवारी सहित भइयन जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, प्रजू यशोधरन, चंद्रमोहन दुबे, सौरभ दुबे रहे. प्रबंधक राम कृपाल पाठक ने बताया कि भगवान शिव अपने गले में नाग इसलिए पहनते हैं, क्योंकि यह उनके कई गुणों और शक्तियों का प्रतीक है, यह मृत्यु पर विजय, भय पर नियंत्रण, इंद्रियों पर नियंत्रण, प्रकृति के साथ एकता और तीनों लोकों पर अधिकार का प्रतीक है. नाग को मृत्यु का प्रतीक माना जाता है और शिव द्वारा इसे धारण करना दर्शाता है कि उन्होंने मृत्यु को भी जीत लिया है. उन्होंने कहा कि नाग को देखकर लोग डरते हैं, लेकिन शिव उसे पहनते हैं. इससे यह साबित होता है जो शिव की शरण में है उसे किसी भय की जरूरत नहीं है. सांप कुण्डलिनी शक्ति का प्रतीक है और शिव के गले में नाग दर्शाता है कि उन्होंने इंद्रियों और कामनाओं पर पूरी तरह नियंत्रण पाया है, नाग प्राकृतिक शक्ति का प्रतीक है और शिव उसे पहनकर दिखाते हैं कि वे प्रकृति के हर जीव-जंतु के साथ जुड़ाव रखते हैं नाग को तीन कुंडलियों वाला दिखाया जाता है, जो तीनों लोकों भू, भुवः, स्वः पर शिव की सत्ता का संकेत है नाग काल समय का प्रतीक है और शिव का उसे धारण करना दर्शाता है कि वे समय के भी मालिक हैं. भगवान शिव के गले में लिपटे सांप का नाम वासुकि है जो सभी नागों के राजा हैं.

### रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

**नवभारत,दमोह.** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर नाका चौकी के समीप सरदार वल्लभभाई पटेल ब्रिज के पास रेल्वे ट्रैक पर एक 21 वर्षीय युवक की मंगलवार अल सुबह लाश मिली. सूचना पर मौके पर पहुंचे सागर नाका चौकी के प्रधान आरक्षक हर्ष पाठक, नीरज श्रीवास्तव, प्रेमदास ने पहुंचकर शिवम सिंह लोधी के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया. बता दें कि यह युवक दमोह जिला अस्पताल में बीमारी के चलते भर्ती था. बताया जाता है कि युवक मानसिक रूप से बहुत ही परेशान रहता था. परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए अस्पताल चौराहा पर एकत्रित होकर प्रदर्शन शुरू कर चक्का जाम कर दिया. मौके पर सीएसपी एचआर पांडे, चौकी प्रभारी रोहित कुमार द्विवेदी सहित पुलिस बल ने पहुंचकर परिजनों को समझाया।





## खिलाड़ियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

▶ नशा मुक्ति अभियान में पहुंचे पुलिस अधीक्षक

**नवभारत,दमोह 29 जुलाई।** नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के अंतर्गत दिनांक 29 जुलाई को खेल और युवा कल्याण विभाग, पुलिस विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक द्वारा समाज को स्वस्थ, सशक्त व नशामुक्त बनाने की दिशा में मार्गदर्शन दिया गया तथा खिलाड़ियों, छात्र छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई. इस अवसर पर सैफुल्लाह खान जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी दमोह, आरपी पटेल प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह, ललित नायक सचिव जिला हॉकी संघ,तेज खान नेहरू युवा केंद्र दमोह,विभागीय प्रशिक्षक रियाजुद्दीन राइन, शैलेंद्र चौधरी व यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल उपस्थित रहे.

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नवभारत,दमोह 29 जुलाई।** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह मार्ग पर स्थित गुरैया पुल के पास रात 8 बजे दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर स्थित होटल के सामने एक बाइक सवार युवक को अज्ञात ट्रैक्टर चालक टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला है और हादसे में बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की शिनाख्त शुरू की गई. जहां युवक की पहचान जबलपुर निवासी के रूप में की गई है, घटना के संबंध में मिली जानकारी आशीष केवट अपनी रिश्तेदारी में तेन्दूखेड़ा आया था. जहां दमोह मार्ग पर स्थित लकी होटल के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर चालक टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला है.


**कार्यालय सार्वजनिक न्यास श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर**

**आम नीलामी सूचना**

क्रमांक 1नी 7/25 बांदकपुर दिनांक-16/07/2025

देवी श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर न्यास सभा बांदकपुर के पीतल के घंटों के विक्रय हेतु आम नीलामी दिनांक 06/08/2025 दिन बुधवार दोपहर 1:00 बजे से की जा रही है, जिसकी शर्त निम्नानुसार है:-

| संपत्ति | घंटों का वजन | मंदिर बोली प्रति किलो |
|---|---|---|
| पीतल के घंटे | 58,000 किलो | 500/-प्रति किलों |

नीलामी का स्थान:- देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर न्यास कार्यालय बांदकपुर

शर्तेः- (1) घंटो की कीमत हेतु बोली लगाने के लिये 10000/- रुपये नगद धरोहर राशि आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगी। आवेदन पत्र में बोली लगाने वाले व्यक्ति का नाम तथा आधार एवं मोबाइल नंबर संबंधित फर्म/दुकान के नाम के साथ जमा करना होगा। (2) घंटों के बजन के अनुसार 1000-1000 किलों के वास्ते 5 तथा 800 किलों के वास्ते 1 बार कुल 6 बार अलग-अगल बोली लगायी जावेगी। (3) प्रत्येक नीलामी की बोली अंतिम होने के समय सफल व्यक्ति को बोली की अंतिम राशि की 25%राशि तत्काल जमा करनी होगी। तथा शेष 75%की राशि दिनांक 21/08/2025 को चैक के माध्यम से जमा करना होगी। अगर उपरोक्त व्यक्ति उपरोक्त राशि जमा नहीं करता है या चैक किसी भी कारणवश बैंक द्वारा अनाद्गत होता है तो मंदिर न्यास सभा के पक्ष में उक्त 25%राशि जप्त हो जावेगी। तथा नीलामी स्वमेव निरस्त होगी तथा क्रेता का कोई भी हक शंय नहीं रहेगा और यह अगली बोली लगाने से प्रतिबंधित रहेगा। (4) नीलामी में अधिकतम बोली लगाने वाले सफल व्यक्तियो को बोली की समस्त रकम मंदिर कार्यालय में जमा करने के पश्चात 500/- रुपये के स्टाम्प पर मंदिर के पक्ष में पावती रसीद लिखकर देनी होगी। उसके पश्चात उसे घटों पर कब्जा दिया जावेगा। (5) प्रत्येक नीलामी में सफल व्यक्ति की धरोहर राशि क्रय राशि के अंतिम भुगतान मे समायोजित होगी तथा शेष व्यक्तियो की उक्त धरोहर राशि तुरंत वापिस की जावेगी। (6) यह कि नीलामी में शामिल किये गये पीतल के घंटो पर यदि किसी प्रकार का शासकीय कर वसूलनीय होगा तो वह कर की राशि उस क्रेता व्यक्ति द्वारा अदा की जावेगी। (7) नीलामी में बोली लगाने वाले इच्छुक व्यक्ति के ऊपर मंदिर न्यास का किसी भी प्रकार का बकाया नहीं होना चाहिए। कुछ भी बकाया होने की स्थिति में ऐसा व्यक्ति स्वयं या अपने परिवार के सदस्य के माध्यम से भी बोली नहीं लगा सकेगा। (8) नीलामी में बोली लगाने वाले व्यक्ति के द्वारा किसी भी प्रकार की गलत जानकारी देने पर धरोहर राशि जप्त की जा सकेगी तथा उसका आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी उसी व्यक्ति की होगी।

भवदीय
अध्यक्ष, सार्वजनिक न्यास सभा
देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर जिला दमोह (म.प्र.)


पानी भरा ▶ प्रतिवर्ष एक-दो घंटे की तेज बारिश से नाले, सड़क सहित पूरा क्षेत्र तालाब में तब्दील हो जाता हैं

# नगर का मुख्य नाला चढ़ा अतिक्रमण की भेंट, प्रशासन बेपरवाह

**नवभारत, पथरिया 29 जुलाई।** लोकतंत्र यानि जनता का शासन कहने-सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन लोगों की सुध लेने वाला कोई नहीं है. बारिश के दिनों में लोगों को विद्युत, जीव-जंतुओं, मच्छरों आदि दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन प्रतिवर्ष एक-दो घंटे की तेज बारिश से नाले, सड़क सहित पूरा क्षेत्र तालाब में तब्दील हो जाता हैं. यहां लोगों के घरों, दुकानों में तीन से चार-फिट तक पानी भर जाता है. इसका कारण है नगर के मुख्य नाले पर किया गया अतिक्रमण.

उक्त नाले में पहाड़ से होकर बिछनी तहसील, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे से बरसाती व रहवास का पानी संजय चौराहे से होते हुए वार्ड क्रमांक पांच शासकीय कन्या शाला के पीछे से वार्ड क्रमांक सात होते हुए सुनार नदी में जाकर मिलता है. नगर के मध्य व मुख्य चौराहा व मुख्य रास्ते भी हैं. नगर की आबादी करीब पांच हजार परिवार होगी एव सभी पंद्रह वार्डों में से नौ से दस वार्ड ऐसे हैं. जिनमे जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है. इस कारण घरों, प्रतिष्ठानों और दुकानों में बरसात का पानी भर जाता है और जिस मुख्य नाले पर 40 फिट की. चौड़ाई हुआ करती थी अब सिमट कर पांच से आठ फिट शेष रह गई है.



**पुलिया के अंदर जोड़ दिए पुराने पाइप-** पहले खसरा नंबर 41 दमोह से केवलारी मुख्य मार्ग व उक्त नाले पर करीब 66 फिट लम्बा और करीब 50 फिट चौड़ा रपटा बना हुआ था, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण अतिक्रमण बढ़ता गया और उक्त नाले पर पक्के भवनों का निर्माण होता गया. वर्ष 2021-22 में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण, नाले पर आरसीसी पुलिया स्वीकृत थी, लेकिन आरसीसी पुलिया का निर्माण न कराकर बहुत पुरानी व लंबी पुलिया के भीतर एक लंबा तीन फिट ऊंचाई का गोल पाइप पुराने पाइपों में जोड़कर ऊपर से डामरीकरण कर दिया गया और लाखों रुपए का कार्य हजारों में कर कार्य की औपचारिकता दर्शा दी गई.

**कई वर्षों से यथास्थिति बरकरार है-** पिछले वर्ष 2024 में एसडीआरएफ अंतर्गत करीब 800 मीटर लम्बी नाली का निर्माण कार्य पंद्रह वार्ड से प्रारंभ होना था, लेकिन अतिक्रमण होने के कारण नगर पंचायत को मजबूरन निर्माण कार्य वार्ड 6 से शुरू करना पड़ा, जिससे कई वर्षों से यथास्थिति बरकरार है. नगरवासियों में जनाक्रोश व्याप्त हैं व शासन से नाले का शीघ्र अतिक्रमण हटाने की मांग की जा रही है.

### राजस्व रिकार्ड में दर्ज है नाला

खसरा नंबर 11 रकबा 0.82, खसरा नंबर 42 रकबा 0.08 खसरा नंबर 64 रकबा 0.70 डिसमिल कुल रकबा 1.60 डिसमिल सन 1909-10 में मिसिल बंदोबस्त में नाला दर्ज हैं, लेकिन उक्त नाले पर जगह जगह प्रभावशाली लोगों ने कब्जे कर लिए हैं, जिससे 40 फिट चौड़ाई का नाला अपना पूर्ण स्वरूप खोने की स्थिति में है. कई जगह तो लोग उक्त नाले पर पक्के कमरों का निर्माण कर व्यवसाय कर रहे है. वर्ष 2007-08 में तहसीलदार वर्मा के आदेश व प्रकरण क्रमांक 418 बी-121 में अतिक्रमण पाया गया.


**OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL TENDUKHEDA DIST. DAMOH**

NIT No. 340 **NOTICE INVITING TENDER** TENDUKHEDA. Date:- 28/07/2025

Online bids for the following works are invited from registered Company/NGOs/reputedfirms fulfilling following eligibility criteria:-

| Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (In lacs) | Earnest Money (In Rupees) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_440484_1 | Empanelment of Agency for conducting Solid Waste Management Activities and creating awareness to make TENDUKHEDA City A Garbage Free City in all wards TMC | 19.00 | 19000.00 | 2000.00 | 12 Month (another 36 months are extendable asper the requirement |

1. Interested bidders can view the detailed NIT in the website http://www.mptenders.gov.in 2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30 (time) 29-07-2025 (date) to 17:30 (time) 30-08-2025 (date) 3. Amendments/Corrigendum to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL TENDUKHEDA DIST DAMOH

**कार्यालय नगर परिषद तेंदूखेड़ा जिला दमोह**

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2025-26/333 तेन्दूखेड़ा दिनांक:- 28/07/2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_440467_1 29/07/2025 | वार्ड क्र. 09 में एम.आर. एफ. कम्पोस्टिंग प्लांट सुदृड़ीकरण कार्य। | 1. - 04 माह 2. - 9.38 लाख | 1. - 2000.00 2. - 9500.00 | 16/08/2025 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगर परिषद
तेंदूखेड़ा जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद,
तेंदूखेड़ा जिला दमोह